M. A. (Final) Examination, 2001

POLITICAL SCIENCE

Paper-VII (D) (3)

State Politics of India

Time: 3 Hours] [Maximum Marks: 100

किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए
सभी प्रश्नो के अंक समान है।

1. ''देशी रियासतों'' से आप क्या समझते है? मुख्य देशी रियासतों का भारत स्वतंत्रता अधिनियम 1947 द्वारा स्थापित भारतीय डोमिनियन में विलय की राजनीतिक प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

2. 1991 के बाद केन्द्र राज्य संबधों के उभरते हुए प्रतिमान पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिये।

अथवा

क्या आप इस से सहमत है कि पी. वी. नरसिंम्हा राव द्वारा शुरू की गई आर्थिक सुधार नीति से राज्य सरकारों की स्वायत्तता बहुत हद तक बढ़ी है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइये?

3. मुख्य मंत्री की शक्तियों और कार्यो का विशेषकर पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री ज्योति बसु अथवा आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री चन्द्र बाबू नायडू के संदर्भ में वर्णन कीजिए।

4. विधायकों द्वारा अपने क्षेत्र से सम्पर्को को बनाये रखने की प्रणालियों व प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालिये।

5. राजस्थान में विधान सभा चुनावों में महिलाओं की भागीदारी की मात्रा और गुणवत्ता की विवेचना कीजिए।

6. क्षैत्रीय राजनीतिक दलों के उद्भव के कारणें को रेखांकित करके स्पष्ट कीजिए कि भारत के किसी भी राज्य में औसतन दो से ज्यादा क्षैत्रीय राजनीतिक दल सफल नही हो सके है तथा वस्तुत: अधिकतर राज्यों में केवल एक ही क्षैत्रीय दल पनप पाया है।

7. अकाली दल सामाजिक आधारों का विश्लेषण कीजिये। इस दल की पंजाब के बाहर भूमिका भी स्पष्ट करावें।

8. क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत है कि और अधिक छोटे राज्यों के निर्माण से केनद्राभिमुख शक्तियों को बढ़ावा मिलेगा? तथा राज्य की राजनीतिक इकाई के रूप में उसका महत्व कम होग। अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइये।

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

9. राज्य राजनीति में 'जाति' की राजनीतिक भूमिका का विश्लेषण कीजिये।

10. निम्नलिखित में से किन्ही **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

अ- 1956 में राज्यों के पुर्नगठन के कारण और राजनीति

ब- राज्य विधान मण्डल में दलीय राजनीति

स- फिल्मी अभिनेता और राज्य राजनीति

द- भारत के राज्यों की राजनीति में मारवाडियों की भूमिका

य- राजस्थान में 1998 के विधान सभा चुनाव

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com